तापमान
अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

मालगाड़ियों को पासिंग देने आउटर में रोक रहे कोचिंग ट्रेनें, प्रमुख गाड़ियां चल रहीं घंटों
4



## खबर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा के एक मामले में 4 लाख स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम खुटापानी निवासी स्व. ड्रेमिला पैकरा का नाला में डूबने से 22 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता लवप्रसाद हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मवेशी से टकराई बाइक मामा की मौत, भांजा घायल

**अम्बिकापुर।** रघुनाथनगर अंतर्गत ग्राम लगड़ी निवासी सुखदेव सिंह आ. बिचू सिंह (44 वर्ष) 22 अक्टूबर को भांजा जय सिंह के साथ बाइक से ग्राम भेसकी कैलाशपुर से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही बाइक सवार ग्राम गुडरू के समीप पहुंचे तभी सड़क पर जा रहे मवेशियों से टकरा गए। दुर्घटना में मामा भांजा घायल हो गए। परिजन घायलों को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायलों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां सुखदेव की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### घुनघुट्टा खर्दा नदी पर गंगा आरती रही आकर्षण की केंद्र

**दरिमा।** घुनघुट्टा खर्रा नदी पर भी इस वर्ष हजारों की संख्या में व्रतियों ने छठ पूजा की। छठ पूजा को लेकर घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति सोहगा करजी द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की गई थी। इस वर्ष समिति द्वारा व्रतियों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर समिति ने 2100 घाटों का निर्माण किया है। शाम को व्रतियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया। समिति द्वारा बार भी भक्तों के लिए जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। भोजपुरी कलाकार प्रवीण सिंह ने भक्ति गीतों से शमा बांध दिया। इसके साथ ही बनारस से आए विद्वानों द्वारा की गई गंगा आरती भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। खर्रा नदी के बीच विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद गंगा आरती की गई।

### विधायक पोर्ते ने अटल परिसर सहित कई निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर में आयोजित भव्य समारोह में विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने विकास की अनेक सौगातें क्षेत्रवासियों को समर्पित कीं। इस अवसर पर उन्होंने अटल परिसर, सामुदायिक पुस्तकालय, ब्लड बैंक भवन, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के अतिरिक्त कक्ष और इनडोर स्टेडियम का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक पोर्ते ने कहा कि बहुत ही कम समय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रतापपुर विकासखंड को विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सड़कों की जाल बिछाने का कार्य जारी है ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रतापपुर क्षेत्र को 23 नई सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जो विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।

### स्कूल परिसर में निकला विशाल अजगर

**लखनपुर।** स्कूल परिसर में विशाल काय अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। इस घटना के बाद अजगर सांप देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर 3.30 बजे विकासखंड के ग्राम लहपटरा हाई स्कूल मैदान में कुछ लोगों की नजर विशाल अजगर सांप पर पड़ी।

## सीएम साय ने सपत्निक कुनकुरी छठ घाट में उगते सूर्य को दिया अर्घ्य

# प्रदेश में सुख समृद्धि, खुशहाली की कामना की







हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी पत्नी कौशल्या साय ने मंगलवार को छठ महापर्व त्यौहार के अवसर पर जशपुर के कुनकुरी छठ घाट में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर प्रदेश के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। साथ ही प्रदेशवासियों को छठ पूजा की शुभकामनाएं दी।

सीएम ने कहा कि आज बड़े ही सौभाग्य का दिन है कि मुझे अपने विधानसभा क्षेत्र में छठ पर्व में शामिल होने का अवसर मिला। कुनकुरी छठ घाट के लिए लगभग 5 करोड़ 17 लाख की राशि से छठ का घाट का सौन्दर्यकरण किया जाएगा। इस वर्ष के छठ महापर्व में व्रती महिलाओं ने छठ घाट में पूरे श्रद्धा भाव से पूजा अर्चना भी की। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह सहित छठ पूजा करने वाली व्रती महिलाएं, जनप्रतिनिधीगण और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### छठ पर्व का है धार्मिक महत्व

छठ पर्व का धार्मिक दृष्टि से काफी महत्व है। सूर्य देव को जीवन, ऊर्जा, और स्वास्थ्य का स्रोत माना गया है। छठ पूजा में सूर्य की आराधना कर श्रद्धालुओं ने उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। छठ महापर्व में व्रती (उपासक) पूरी तरह शुद्धता और आस्था के साथ चार दिनों तक उपवास, स्नान, और पूजा की। छठ पूजा में समाज के सभी लोग मिलकर घाट सजाया एवं प्रसाद बना कर एक साथ पूजा की।

## महाप्रभु जगन्नाथ का लिया दर्शन लाभ

### भगवान को अर्पित की 51 हजार तुलसी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को सुबह कुनकुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर महाप्रभु जगन्नाथ, माता सुभद्रा और भगवान बलराम के दर्शन किए। इस दौरान उनकी पत्नी कौशल्या साय भी उपस्थित रहीं।

सीएम ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की मंगल कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर में जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी द्वारा मंगलवार से 5 नवंबर तक चलने वाले तुलसी अर्चन कार्यक्रम में भी भाग लिया एवं भगवान जगन्नाथ को 51 हजार तुलसी दल अर्पित कर विशेष पूजन किया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्रदेश की प्रगति, समरसता और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। साथ ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और आयोजन में शामिल जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी के सदस्यों की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान में ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता और भक्ति के सूत्र में बांधता हैं। उन्होंने समिति को इस पावन आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। पूरा वातावरण जय जगन्नाथ के उद्घोष से गूंज उठा।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित पुजारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों की उपस्थिति रही।

## उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया व्रत का पारण

**पत्थलगांव।** उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा भक्तिमय वातावरण के साथ संपन्न हुई। शहर के छठ तालाब, पूरन तालाब, झरिया सहित ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य तालाबों, पोखरों, जलाशयों पर छठव्रती छठ महोत्सव के तीसरे दिन अस्ताचलगामी और अंतिम दिन उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा मंत्रोचारण कर व्रत का पारण किया।

छठ घाट में आए सभी भक्तों को ठेकुआ, चावल का कचवनिया, चने, केला, सेव , आदि फल का प्रसाद दिया गया। इस पर्व पर प्रसाद के लिए गेहूं के पीसे आटे से बनाए गए ठेकुआ का प्रसाद होता है। जिसे बॉस के दौरा, सूप में रख कर पूजा की जाती है। सुख, शान्ति, समृद्धि व संतान प्राप्ति के लिए छठ मईया का छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत रखने वाले व्रतधारियों ने उगते सूर्य देवता को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया। पत्थलगांव की विधायक ⏭ शेष पेज 4 पर

#### ये रहे मौजूद

पत्थलगांव भोजपुरी समाज के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, संरक्षक मनोज तिवारी, बच्चन दुबे, अशोक श्रीवास्तव, अरुण गुप्ता, सतीश मिश्रा, अमर महतो, प्रदीप गुप्ता, छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्याम नारायण गुप्ता, संजय तिवारी, नीरज गुप्ता, कृष्णा सिंह, प्रमोद साहू, सुनील गुप्ता, अवधेश गुप्ता, राजीव साहू, रामानंद सिंह, बंटी सिंह, पवन गुप्ता, लक्की गुप्ता, रोशन साहू, राजेश साहू, ओम गुप्ता, विकास, सोनू रजक सहित भोजपुरी समाज एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## जोगपाल पब्लिक स्कूल में छठ पूजा की रही धूम, आस्था, श्रद्धा के रंगों में रंगा स्कूल




**पत्थलगांव।** जोगपाल पब्लिक स्कूल पत्थलगांव के प्रांगण में 'छठ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने छठ महापर्व पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अंशिका मित्तल ने छठ महापर्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। अंशिका ने बताया कि यह हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है। यह मुख्यतः बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पूर्वी प्रदेश में मनाया जाता है। इस पर्व में महिलाएं 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है, यह उनके अटूट धैर्य और समर्पण को दर्शाता है। इसके बाद छात्राओं द्वारा छठ पर्व की नृत्य, नाटक के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ विनय राय ने पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह पर्व पूर्णतः प्रकृति से जुड़ी हुई है, हमें प्रकृति का धन्यवाद करना चाहिए। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य डॉ विनय राय, एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया, शिक्षक- शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## हवन, पूजन, दीपदान कर व्रतियों ने खोला व्रत

**कोतबा।** धर्मनगरी कोतबा में आस्था और संस्कार के महापर्व छठ के अंतिम दिन मंगलवार को व्रतियों ने ब्रह्ममुहूर्त पर उदयमान सूर्य भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर विधि विधान से हवन, पूजन के साथ समापन किया।

वार्ड क्रमांक 8 में सुकवासुपारा स्थित तालाब में 5 व्रती व वार्ड 11 के हाईस्कूल के असुरबन्ध तालाब में 1 व्रती सहित अन्य दर्जनों व्रती महिलाओं ने उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर कथा श्रवण कर व्रत का पारण किया। संतान की कल्याण के लिए मुरादे मांगी । अर्घ्य देने के बाद आरती कर छठी मैया के लिए बनाई गई ठेकुआ और प्रसाद लोगों में बांटा गया। छठ पूजा महोत्सव के चौथे दिन तड़के हवन किया गया। इसके बाद भगवान सूर्य और छठी मैया की आरती की गई। 4 दिनों तक चलने वाला यह व्रत शनिवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ था। इस दौरान लोग भक्ति भाव में डूबे नजर आए। तालाब घाट के किनारे आस्था का सैलाब देखने को मिला। इससे पहले सोमवार को नदी में उतरकर अस्त हो रहे सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य दिया गया। इस दौरान घाटों पर प्रशासन की तरफ से खास इंतजाम भी किए गए। सुकवासुपारा व असुरबन्ध तालाब के तट पर श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ी। लोग भोर से ही हाथों पर उगते हुए सूर्य की आराधना के साथ गाय के दूध के साथ अर्द्ध दिया। सुबह होने से लाइट व अलाव इत्यादि की व्यवस्था की गई थी। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर कोतबा पुलिस चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव अपने दल बल व ट्रैफिक पुलिस के साथ तैनाती कर मुश्तैद नजर आए।





### बांटा गया प्रसाद

चौथे दिन सुबह महिलाओं और पुरूषों ने नदी किनारे बैठकर छठी मैय्या के गीतों का गुणगान किया और उनकी पूजा-अर्चना की। इनके अलावा आज घरों में ठेकुवा,फल चना प्रसाद भी तैयार किया जाता है, जो छठ की पारंपरिक पकवानों में से एक होते हैं। पूजा-पाठ के बाद प्रसाद को लोगों में बांटा जाता है। माना जाता है कि प्रसाद खाने से सारी मनोकामना पूरी हो जाती है।

## 20 करोड़ की लागत से आर्चरी सेंटर होगा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कैम्प कार्यालय बगिया जशपुर में बगीचा विकास खंड के तहसील सन्ना पंडरापाठ में तीरंदाजी अकादमी बनाने के लिए एनटीपीसी के साथ एग्रीमेंट किया। सीएसआर फंड से 20 करोड़ 53 लाख की लागत से तीरंदाजी अकादमी बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज एनटीपीसी द्वारा आर्चरी सेंटर स्थापित किए जाने के लिए 20 करोड़ 53 लाख रुपए की राशि सीएसआर के माध्यम से दी जा रही है। मुझे इस बात की बहुत खुशी है। उन्होंने कहा कि जशपुर क्षेत्र के युवाओं में तीरंदाजी के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। इसके लिए सेंटर आरंभ होने से युवाओं को काफी सुविधा होगी। वर्ष 2036 में भारत ने ओलंपिक खेलों के लिए दावेदारी प्रस्तुत की है। हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी भी अधिकतम संख्या में राष्ट्रीय टीम में हिस्सा लेकर पदक जीतें। यह तब संभव होगा जब हम आर्चरी सेंटर की तरह ही नए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करेंगे। ⏭ शेष पेज 4 पर



■ युवाओं को तीरंदाजी के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मिलेगा मौका, मुख्यमंत्री साय ने एनटीपीसी से किया एग्रीमेंट

### आर्चरी का है गहरा इतिहास

आर्चरी एक खेल और कला है। जिसमें धनुष और बाण का उपयोग कर लक्ष्य पर निशाना लगाया जाता है। यह एक प्राचीन गतिविधि है। धनुष यह एक लचीली वस्तु होती है। जिससे बाण को छोड़ा जाता है। नुकीला तीर जिसे लक्ष्य पर छोड़ा जाता है। लक्ष्य जिस पर निशाना लगाया जाता है। आमतौर पर एक गोल आकृति होती है। जिसमें अलग-अलग रंग औरस्कोर क्षेत्र होते हैं। निशाना लगाने की तकनीक इसमें एकाग्रता, संतुलन और शरीर की स्थिरता बहुत जरूरी होती है। भारत में आर्चरी का गहरा इतिहास है। महाभारत और रामायण में भी धनुर्विद्या का उल्लेख है। आधुनिक खेलों में भारत के खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

## मुख्यमंत्री ने कुनकुरी में विसर्जन तालाब का किया औचक निरीक्षण



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कुनकुरी स्थित विसर्जन तालाब का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने छठ महापर्व के अवसर पर तालाब में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा तालाब क्षेत्र का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तालाब को सुसज्जित, व्यवस्थित, आकर्षक और सुविधापूर्ण रूप से विकसित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि छठ पर्व जन आस्था का प्रतीक और लोक संस्कृति के संवर्धन का उत्सव है, अतः इससे जुड़े स्थलों का विकास श्रद्धा, स्वच्छता और सौंदर्य के साथ किया जाना चाहिए। योजना के तहत तालाब के चारों ओर सौंदर्यीकरण के तहत विभिन्न सुविधाएं विकसित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे हो ताकि श्रद्धालुओं और नागरिकों को स्थायी सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री ने तालाब परिसर की स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की तैयारियों की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह स्थान न केवल धार्मिक श्रद्धा का केन्द्र है, बल्कि कुनकुरी की लोक संस्कृति और पर्यटन दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नगर पंचायत अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर इसे स्वच्छ, हरित और आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी कौशिल्या साय, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर रोहित व्यास सहित नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

■ व्यवस्थित व सुविधापूर्ण रूप से विकसित करने के दिए निर्देश

### युवाओं ने ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग का लिया अनुभव

## सीएम ने पर्वतारोही युवाओं के जज्बे को सराहा, दिया प्रशस्ति-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के युवाओं ने अपने साहस, अनुशासन और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर हिमालय की ऊंचाइयों को छू लिया। हिमाचल प्रदेश में ट्राइबल अल्पाइन एक्सपीडिशन हिमालय 2025 में जशपुर जिले के पर्वतारोहियों ने दुहांगन वैली में 5350 मीटर की ऊंचाई तक सफलतापूर्वक चढ़ाई कर न केवल जिले का बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य का नाम गौरवान्वित किया।

अभियान के दौरान दल के सदस्यों ने ट्रैकिंग, रॉक क्लाइंबिंग और आइस क्लाइंबिंग जैसी चुनौतीपूर्ण गतिविधियों में अपनी दक्षता और साहस का प्रदर्शन किया। यह दल जिला प्रशासन जशपुर के सहयोग से पर्वतारोहण के लिए सितंबर माह में रवाना हुआ था। अभियान का नेतृत्व टीम लीडर स्वप्निल राचिलवाल ने किया। दल के अन्य सदस्यों में रवि कुमार सिंह, रूसनाथ भगत, तेजल भगत, सचिन कुजूर और प्रतीक नायक शामिल रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अभियान में सफलता प्राप्त करने वाले पर्वतारोहियों को सीएम कैंप कार्यालय बगिया में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनके जज्बे की सराहना की। उन्होंने कहा कि जशपुर के युवाओं ने यह साबित किया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन और आत्मविश्वास से हर ऊंचाई को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से जिले के आदिवासी युवा ⏭ शेष पेज 4 पर




### युवाओं ने साझा किए अपने अनुभव

युवाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि शासन के सहयोग से आदिवासी वनांचल क्षेत्र जशपुर से हिमालय जाने एवं वहां विभिन्न प्रकार के एडवेंचर एक्टिविटी में भागीदारी करने का मौका मिला। दल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि शासन-प्रशासन के सहयोग और प्रोत्साहन से ही उन्हें हिमालय अभियान का हिस्सा बनने और इस उपलब्धि को हासिल करने का अवसर मिला। इस अभियान से प्राप्त अनुभव और साहस जिले के युवाओं को एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति प्रेरित करने में सहयोगी होगा। ज्ञात हो कि जनजातीय हिमालय पर्वतारोहण अभियान 2025 की शुरुआत एक स्थानीय प्रशिक्षण पहल के रूप में शुरू हुई थी, जो सामूहिक विश्वास, सहयोग और समर्थन से एक सशक्त अभियान के रूप में विकसित हुआ। इस पहल ने न केवल युवाओं में आत्मविश्वास और रोमांच की भावना जागृत की, बल्कि जशपुर जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया। यह पर्वतारोहण सिर्फ कुछ युवाओं की यात्रा नहीं थी यह पूरे जशपुर की सामूहिक उपलब्धि थी।

## खबर संक्षेप

### राइस मिल में धान की बोरियों में दबकर गंभीर रूप से घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर स्थित शिवनन्दनपुर मुख्य मार्ग निवासी व्यवसाई अशोक जिंदल के राइस मिल में रविवार को एक दर्दनाक हादसा में मजदूरी कर रहे 41 वर्षीय महेश पिता मुंशी राम की मौत हो गई है। हर रोज की तरह महेश राइस मिल में मजदूरी का काम कर रहा था, लेकिन एक पल की मामूली चूक ने उसकी जिंदगी छीन ली,बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत धरतीपारा निवासी 41 वर्षीय महेश ग्राम लक्ष्मणपुर में राइस मिल में काम करता था। रविवार की दोपहर वह ट्रक से धान की बोरियां उतार रहा था। इस दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0145 का चालक बिना संकेत दिए अचानक वाहन को पीछे रिवर्स करने लगा। ट्रक की हल्की टक्कर से महेश का संतुलन बिगड़ा और वह वहीं पर गिर गया। तभी ट्रक पर लदी कई भारी बोरियां उसके ऊपर गिर गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिल में मौजूद अन्य मजदूरों ने साथी मजदूर को किसी तरह बोरियों के नीचे से बाहर निकाला। गंभीर अवस्था में उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने शाम को उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा एवं पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत, पिता घायल

**अम्बिकापुर।** सीतापुर मंगारी के समीप स्कूटी सवार पिता पुत्री को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई युवती की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सायर राई निवासी राजमोनिया टोप्पो आ.ख्रीस्तोफर टोप्पो (20 वर्ष) 2 अक्टूबर को पिता के साथ मौसा मौसी से मिलने मैनपाट स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएफ 8775 से गए थे। इसी बीच शाम 4.30 बजे अज्ञात लोगों ने फोन कर बताया कि सीतापुर मंगारी के समीप राजमोनिया का अज्ञात वाहन की टक्कर से एक्सीडेंट हो गया। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा दोनों गंभीर रूप से घायल पड़े थे। परिजन तत्काल बतौली शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पिता पुत्री का प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां कुछ दिनों तक उपचार कराने के पश्चात पैसा कम पड़ने पर छुट्टी कराकर घर लेकर चले। इसी बीच 14 अक्टूबर को राजमोनिया की तबीयत खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक की टक्कर से कंपाउंडर की मौत

**अम्बिकापुर।** शहर से सोनगरा जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए कंपाउंडर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम पाठकपुर निवासी सेतो राम आ. स्व. भीम (50 वर्ष) पशु विभाग में कंपाउंडर के पद पर सोनगरा में पदस्थ था। 25 अक्टूबर को ड्यूटी करने बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 5537 से सोनगरा गए थे। इसी बीच निजी काम से शहर आए और काम निपटाने के पश्चात वापस सोनगरा जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार उतकलपारा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### फार्म हाउस में घुसकर नकाबपोशों ने किया युवक पर हमला

**बलरामपुर।** चोरी की नियत से घुसे दो नकाबपोशों ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। इसके साथ ही इस मामले में पुलिस ने एक विधि से संघर्षरत बालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 25 अक्टूबर की रात ग्राम पिंडरा निवासी प्रहलाद दीक्षित के फार्म हाउस वाले घर में अज्ञात लोगों ने घुसकर भतीजे अभय दीक्षित पर प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है इसके साथ ही प्रहलाद दीक्षित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी भापेंद्र साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। इस दौरान फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी की जांच में यह बात सामने आई कि दो नकाब पाशों ने घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच के दौरान पुलिस ने नवडीह खुर्द निवासी 23 वर्षीय मनीष कुमार आ. रामधारी सिंह व एक विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने चोरी की नियत से फार्म हाउस में घुसने और अभय दीक्षित पर लोहे के सब्बल से प्राणघातक हमला करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 131(4), 131(6), 131(8), 109, 3(5) के तहत कार्रवाई की है।

## भातुपारा बाईपास रोड से गुजरने वाली छात्राओं, महिलाओं को होती है भारी परेशानी

# अहाता लाइसेंस की शर्तों का उल्लंघन कर मुख्य मार्ग से सटकर कराई जा रही शराबखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बातें**
- सूरजपुर आबकारी विभाग की शह पर अहाता संचालन
- आबकारी नीति के गाइडलाइन निर्देशों की सरेआम हो रही अवहेलना

राजस्व वसूली की जद्दोजहद में सूरजपुर आबकारी विभाग अहाता संचालन के लिए शासन द्वारा जारी किये गये मापदण्ड एवं आबकारी नीति के निर्देशों व नियमों की सरेआम धज्जियाँ उड़ाने में तुली हुई है, छतीसगढ़ आबकारी आयुक्त द्वारा जिन गाइडलाइन मापदण्डों का पालन करने का निर्देश जारी किया गया है। इनमें से अधिकतर गाइडलाइन में दर्ज कण्डीकाओं का उल्लंघन किया जा रहा है।

दरअसल नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के बंचरपारा- भातुपारा बाई पास सड़क में स्थित शासकीय कम्पोजिट मदिरा दूकान हेतु ऑनलाइन निविदा पद्धति से अंबिकापुर निवासी श्रीमती रोमा सिंह नामक महिला को संलग्न अहाता लाइसेंस माह जुलाई 2025 को आबकारी विभाग सूरजपुर ने जारी किया,उक्त जारी हुए सीएस 2 देशी कम्पोजिट अहाता लाइसेंस की मार्च 2025 तक के अवधि की कुल प्रतिफल राशि 7 लाख 54 हजार रुपये निर्धारित हुई है,इस पर लाइसेंस धारक रोमा सिंह के रिश्तेदारों ने करीब डेढ़ माह तक शासकीय दुकान के पीछे बंद परिसर में संलग्न अहाता संचालन किया,बाद में किसी कारणवश काम को बंद कर सभी सामान को समेटकर वापस लौट गये,अब कुछ दिनों पश्चात से इसी अहाता लाइसेंस की आड़ लेकर सूरजपुर निवासी युवकों द्वारा स्थल बदलकर बाई पास मुख्य मार्ग से सटकर खुले में शराबखोरी कराई जा रही है,ऐसे में बंचरपारा- भातुपारा बाई पास पक्की सड़क से गुजरने वाले महिलाओं, बच्चियों समेत अन्य ग्रामीण लोगों को काफी तकलीफेँ झेलनी पड़ रही हैं।इस पुरे मामले में प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर एवं उपनिरीक्षक आबकारी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है।


अहाता में संचालित शराब दुकान।


खुले में शराब पीते लोग।

### सक्षम अधिकारी के अनुमति लिए बिना किया गया देशी कंपोजिट अहाता स्थल परिवर्तन

जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर द्वारा जारी किये गये सीएस 2 देशी कंपोजिट संलग्न अहाता लाइसेंस की कण्डीका 2 में उल्लेखित है कि अनुज्ञप्ति धारक,अनुज्ञापन अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी भी परिस्थिति में अनुज्ञप्त परिसर में परिवर्तन नहीं करेगा,लेकिन उक्त मामले में जिला आबकारी अधिकारी की लिखित अनुमति लिए बिना ही संलग्न अहाता को मुख्य मार्ग में शिफ्ट कर दिया गया है,अब बाई पास पक्की सड़क के ठीक बगल में कुर्सी टेबल में बैठे शराबीयों का जमावड़ा लगे रहने से आधा दर्जन से अधिक गाँवो के लोग चिंतित हैं।प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के बाई पास मुख्य मार्ग में अहाता संचालन हेतु नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से भी अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है, किसी प्रकार के संचालन की कोई अनुमति नहीं ली गई है,इसके अलावा अहाता संचालन करने के लिए अभिकर्ताओं व नौकरों की नियुक्ति बिना जिला आबकारी अधिकारी के अनुमोदन के सूरजपुर निवासी युवकों द्वारा स्वयं से कर ली गई है,आबकारी आयुक्त के दिशा निर्देश अनुसार नौकरनामा अनुज्ञप्ति जारी होने के बाद विभागीय मंजूरी लिया जाना अनिवार्य है।

### नाराज ग्रामीण हुए लामबंद, राज्यपाल समेत मुख्य सचिव व आबकारी आयुक्त को भेजा शिकायत पत्र

नगर शिवनन्दनपुर के भातुपारा- बंचरपारा बस्ती समेत सतपता व कुंजनगर के ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग से सटकर खुले में संचालित हो रहे अवैध अहाते की शिकायत छतीसगढ़ राज्यपाल रमन डेका,मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन विकासशील गुप्ता,राज्य आबकारी मंत्री लखनलाल देवांगन,आबकारी सचिव सह आयुक्त आर. शंगीता समेत सूरजपुर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से करते हुए अवैध अहाता संचालन को अतिशीघ्र बंद कराने एवं इस षड्यंत्र में शामिल व्यक्तियों व अधिकारीयों के विरुद्ध न्याय उचित कार्यवाही करने की मांग की है,शिकायत पत्र में उल्लेखित है कि बाई पास पक्की सड़क नगर शिवनन्दनपुर को कुंजनगर,सतपता, हर्राटिकरा को जोड़ने वाली मुख्य सूत्रधार सड़क है, इसका उपयोग आधा दर्जन गाँवो की ग्रामीण महिलाएं,शिक्षिकाएं,छात्रायें एवं बच्चीयां करती हैं जो कि अब खुले में अहाता में हो रही शराबखोरी से अपने आपको असहज व असुरक्षित महसूस करने लगी हैं,कुछ शराबी युवकों द्वारा सड़क से गुजरने वाली छात्राओं को भद्दे व अपमाजनक कमेंट किये जाने की घटनाएं भी हो चुकी हैं।

### स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम के दावों की खुली पोल

संलग्न देशी कंपोजिट अहाता लाइसेंस में जारी गाइड लाइन की कण्डीका 6 (क) के अनुसार जिला आबकारी अधिकारी ने लाइसेंस धारक को निर्देशित किया है कि पर्यावरण एवं साफ सफाई को ध्यान में रखते हुए अहातों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय प्रतिषिद्ध रहेगा,लेकिन सूरजपुर निवासी युवकों के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के लाइसेंस का दुरूपयोग करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का पानी पाउच थैली,डिस्पोजल प्लास्टिक ग्लास व सिंगल यूज प्लास्टिक पानी बोतल का खुलेआम उपयोग एवं विक्रय दोनों ही कराया जा रहा है,इन सब के बावजूद जिले के जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण किये हुए हैं,गौरतलब है कि कुछ दिनों पूर्व नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अगुवाई ने जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा अभियान व जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत कर शिवनन्दनपुर के अलग अलग जगहों पर सफाई कराये जाने की बात कही गई,लेकिन उक्त कार्यक्रम सिर्फ कागजों में सिमटता दिख रहा है,बंचरपारा -भातुपारा बाई पास सड़क में अहाता के आसपास खुले में डिस्पोजल प्लास्टिक की बोतलें,ग्लास व पानी पाउच प्लास्टिक थैली की गन्दगी का अम्बार खुले में फेंकाया हूआ दिखता है।

### आबकारी अधिनियम के तहत की जाएगी कार्रवाई

शासकीय शराब दुकान के परिसर से करीब 100 मीटर की दुरी तक अहाता का संचालन किया जा सकता है। अंबिकापुर निवासी लाइसेंस धारक महिला द्वारा सूरजपुर निवासी मोहन राजवाड़े के साथ पार्टनरशिप में अहाता का संचालन किया जा रहा है, अगर नियम अनुसार संचालन नहीं हूआ तो सम्बंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। अन्य प्रांतों के शराब की बिक्री व सेवन एवं महुआ देसी शराब को अहाता में परोसना प्रतिबंधित है। मौके पर ऐसा होना पाया गया तो आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**-अनिल मित्तल**, प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी सूरजपुर

### आबकारी आयुक्त द्वारा जारी अहाता संचालन मापदण्डों का हो रहा उल्लंघन

देशी-विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहाता संचालन हेतु आवश्यक मापदण्ड एवं दिशा निर्देश आबकारी आयुक्त द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी को पालन कराने हेतु जारी किये गये हैं,इसके अनुसार अहाता सम्बंधित मदिरा दूकान से संलग्न होगा,अहाते का उपभोग बंद परिसर-कवर्ड एरिया में कम से कम 150 वर्ग फ़ीट होगा, अनुज्ञप्तिधारी द्वारा अहाता का संचालन बंद परिसर में इस प्रकार किया जायेगा जिससे कि निकटवर्ती रहवासियों एवं जनसामान्य को कोई असुविधा न हो,अहाता का प्रवेश द्वार यथासंभव मुख्य मार्ग-आम रास्ता की ओर नहीं रहेगा,आबकारी आयुक्त द्वारा जारी किये गये इन मापदण्डों व दिशा निर्देशों का पालन कराने के बजाये सूरजपुर जिले के अधिकारी खुलेआम इसका उल्लंघन करने पर उतारू हैं,प्राप्त जानकारी अनुसार संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ एक आबकारी अधिकारी एवं एक उपनिरीक्षक रैंक के अधिकारी ने व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से आबकारी नियमों व अहाता नीति निर्देशों को ताक पर रखा हुआ है।

### संचालन की नहीं दी गई है अनुमति

बंचरपारा -भातुपारा बाई पास मुख्य मार्ग में अहाता संचालन हेतु किसी भी व्यक्ति को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है और संचालन की अनुमति नहीं दी गई है। ग्रामीणों से शिकायत पत्र प्राप्त हूआ है। मामला आबकारी विभाग से जुड़ा हूआ है। कलेक्टर को पत्र लिखकर कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा की जाएगी।

**-सुनील सिन्हा**
सीईओ नपं शिवनंदनपुर

## ग्राम मदनपुर में मध्य रात्रि अज्ञात कारणों से डीजे संचालक के दो वाहन व जनरेटर जलकर खाक





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- करीब 15 लाख रुपए की क्षति का अनुमान, सीसीटीवी फूटेज की जांच कर रही पुलिस

ग्राम मदनपुर मंदिरपारा में रविवार की मध्यरात्रि उस समय हड़कंप मच गया जब एक ही परिवार के दो वाहन में अज्ञात कारणों से आग लगने से दोनों वाहनों के अलावा जनरेटर जलकर खाक हो चुका है।

गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर मंदिरपारा निवासी प्रार्थी 25 वर्षीय आशीष सिंह पिता सुबोध सिंह जो पेशे से डीजे साउंड सिस्टम संचालक हैं। ने बीती रात करीब साढ़े नौ बजे अपनी मारुति नेक्सा फ्रोंक्स कार क्रमांक सीजी 29 एएच 6265 को जनरेटर लोड अपने मिनी ट्रक सीजी 04 जेसी 0211 के सामने घर के बाहर खड़ी कर पार्क किया था। बीती रात करीब दो बजे जब आशीष सिंह के पिता सुबोध सिंह लघुशंका के लिए बाहर निकले। तो उन्होंने देखा कि कार और ट्रक दोनों से धुआं उठ रहा है। उन्होंने घबराकर शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और पड़ोसी मौके पर दौड़े,परिजन इस घटना के पीछे किसी साजिश की आशंका जता रहे हैं। इस आगजनी में कार, मिनी ट्रक और उसमें रखा जनरेटर पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। प्रारंभिक अनुमान में करीब 14 से 15 लाख रुपए के नुकसान हो जाने की आशंका जताई जा रही है,डीजे संचालक आशीष सिंह ने बताया कि मिनी ट्रक का उपयोग विवाह, धार्मिक आयोजनों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में होता था,जो दुर्गा पूजा के बाद से घर के बाहर खड़ा हूआ था,आग लगने के कारण पूरा कामकाज प्रभावित हो गया है,घटना के बाद प्रार्थी ने कुछ संदिग्ध लोगों पर संदेह जताया है,जिनसे हाल ही में विवाद होने की बात सामने आई है,पुलिस ने प्रार्थी के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले को संदेहास्पद आगजनी के रूप में दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मामले में जयनगर थाना प्रभारी टीआई रूपेश कुंतल एक्का ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है,यह शॉर्ट सर्किट था या फिर किसी ने जानबूझकर आग लगाई,यह जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा,पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की भी जांच कर रही है।

## छठ महापर्व पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



छठ महापर्व पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता एवं गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, शायर-ए-शहर यादव विकास, एसपी जायसवाल, रामलाल विश्वकर्मा और व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

प्रारंभ में एसपी जायसवाल और बीडी लाल रचित सरगुजिहा रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अर्चना पाठक ने दी। ब्रह्माशंकर सिंह ने छठ महापर्व के पौराणिक और वैज्ञानिक संदर्भों में कहा कि सूर्य और छठ माता का संबंध भाई-बहन का है। मूल प्रकृति के छठवें अंश से उत्पन्न होने के कारण इनको षष्ठी के नाम से जानते है। वह कार्तिकेय की माता भी है। इन्हे देवसेना और मां कात्यायनी के रूप में भी जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान सूर्य ने षष्ठी की पहली पूजा की थी। वैज्ञानिक दृष्टि से षष्ठी के दिन विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है जब सूर्य की पैराबैंगनी किरणें असामान्य रूप से एकत्रित होती है। इनके कुप्रभावों से बचने के लिए उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर छठव्रत किया जाता है। भगवान राम ने भी सूर्य-पूजा की थी। सूर्य पुत्र कर्ण ने भी प्रतिदिन घंटों कमर तक जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया था। आज भी सूर्य को अर्घ्य देने की यही पद्धति प्रचलित है। एसजी जायसवाल ने कहा कि छठ पर्व में व्रती का साथ उसके परिजन भी देते है। चौथे दिन उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती अपना व्रत तोड़ते है और प्रसाद बांटते है। पं.सच्चिदानंद पाण्डेय ने कहा कि प्रकृति से आध्यात्मिक ऊर्जा लेकर वापस उसी को अर्पित करना छठ में ही दिखाई देता है। इस पर्व से लोगों में आपसी प्रेम, भाईचारा और प्रकृति के प्रति भी सेवा, समर्पण, त्याग और उसकी सुरक्षा का भाव भी पैदा होता है। काव्यगोष्ठी में श्यामबिहारी पाण्डेय ने नदी तीर तालाब पर, छठ मैया की धूम, अर्चना पाठक ने हमनी के मिले तोरी छईया हे छठी मईया, पूनम दुबे वीणा ने कईले बानी घर के बरतियां छठी मईया, आशा पाण्डेय ने पूरी करी छठी मईया हमरो सपनवा, नीलिमा जायसवाल ने छठी मैया आती है कार्तिक मास में, संस्था के अध्यक्ष मुकुंदलाल साहू ने छठ व्रतियों की कामना करें दिनेश, रामलाल विश्वकर्मा ने जैसे कोई पिपासु आकुल, शिरीन खान ने जिंदगी एक सराब है शायद, अजय सागर ने जो भूल गए मुझको, चंद्रभूषण मिश्र ने उनकी वफा और मेरी बेवफाई पर मैं इतराता ही रहा, शायर-ए-शहर यादव विकास ने बंजारा दिल से प्यार किसी ने किया नहीं रचना सुनाई। इस दौरान केके त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, प्रमोद और मनीलाल गुप्ता उपस्थित थे।

## सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों का ऑडिशन राउंड आज से

- 2 नवम्बर को होगा फाइनल मुकाबला

**अम्बिकापुर।** अनोखी सोच संस्था द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान कराए जा रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के सीनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों का ऑडिशन राउंड 28 अक्टूबर से शुरू होगा। ऑडिशन राउण्ड के पश्चात फाइनल में जगह बनाने वाले प्रतिभागियों का भव्य फाइनल मुकाबला 2 नम्बर को होगा। गौरतलब है कि शारदीय नवरात्र महोत्सव को लेकर मणिपुर, दर्रीपारा में अनोखी सोच संस्था द्वारा कई प्रतियोगिता का आयोजन प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही कई आयोजन शुरू हुआ। रंगोली, मेहंदी, रस्साकशी सहित अन्य प्रतियोगिता संपन्न हुआ। वहीं 28 अक्टूबर से सिनियर, जूनियर एवं ग्रुप डांसरों ऑडिशन राउंड शुरू होगा। 28 अक्टूबर को जूनियर सिंगल डांस, 29 अक्टूबर को ग्रुप डांस, 30 अक्टूबर को सीनियर सिंगल डांस होगा जबकि 31 अक्टूबर को ग्रुप डांस का पहला सेमी फाइनल, 1 नवम्बर को जुनियर, सिनियर सिंगल डांस का सेमी फाइनल और 2 नवम्बर को सेमी फाइनल विजेता के बीच फाइनल मुकाबला होगा। संस्था द्वारा विजेताओं के लिए आकर्षक इनाम रखा गया है, जिसमें जुनियर सिंगल डांस के प्रथम पुरस्कार 55 इंच टीवी, द्वितीय एंड्राइड टेबलेट व तृतीय पुरस्कार स्पोर्ट्स साइकिल, ग्रुप डांस में प्रथम 2 लाख 51 हजार, द्वितीय 75 हजार, तृतीय 51 हजार, सीनियर सिंगल डांस में प्रथम 1 लाख, द्वितीय 51 हजार, तृतीय 21 हजार रखा गया है। डांस प्रतियोगिता में शहर के अलावा अन्य जिलों और प्रदेश के प्रतिभागी शामिल होंगे।

## धान खरीदी शुरू होने से पहले सक्रिय हुए कोचिए



- दो पिकअप से 150 बोरी अवैध धान जब्त

**अंबिकापुर।** अभी धान खरीदी प्रारंभ होने में काफी समय शेष है लेकिन अभी से ही कोचिए सक्रिय हो गए है और बाहर से अवैध तरीके से धान का परिवहन करना शुरू कर दिया है। कोचियों की सक्रियता को देखते हुए प्रशासन की टीम भी मुस्तैद हो गई है तथा कोचियों पर नजर रख रही है। इस बीच प्रशासन की संयुक्त टीम ने विकासखंड वाड्रफनगर के अंतर्गत रघुनाथनगर एवं मुरकौल से अवैध तरीके से धान परिवहन करते दो पिकअप को पकड़ने के साथ ही 150 बोरी धान जब्त किया है।

धान खरीदी के सीजन में बलरामपुर जिले में यूपी, बिहार से अवैध धान खपाने का काम जोर शोर से चलता है। खरीदी शुरू होने के बाद कार्रवाई से बचने के लिए कोचिए अब खरीदी शुरू होने के पहले ही धान का दूसरे राज्यों से लाकर भंडारण कर रहे है। ऐसे अवैध धान की रोकथाम के लिए कलेक्टर ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस बीच एसडीएम वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रघुनाथनगर में अवैध धान परिवहन करते एक पिकअप को जब्त किया गया है पिकअप में लगभग 70 बोरी धान लोड किया गया था। जांच करने पर चालक द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार ग्राम मुरकौल में भी एक पिकअप वाहन में लगभग 80 बोरी धान का परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक द्वारा उक्त धान के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर श्री कटारा ने शासन की मंशानुसार समर्थन मूल्य में धान खरीदी को लेकर सभी निगरानी दलों, नोडल तथा राजस्व अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि धान के अवैध परिवहन एवं संग्रहण पर सतत निगरानी रखते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।



## गंगापुर तुलसी चौक के पास भाजपा पदाधिकारियों ने सुनी पीएम के मन की बात

**अम्बिकापुर।** शहर के गंगापुर तुलसी चौक के पास कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया गया। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अम्बिकापुर में प्लास्टिक कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए अपनाई गई अभिनव पहल की प्रशंसा की है। मन की बात में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अम्बिकापुर नगर निगम द्वारा संचालित गार्बेज कैफे स्वच्छता और सेवा का अनोखा संगम है, जहां लोग प्लास्टिक कचरा देकर बदले में भरपेट भोजन या नाश्ता प्राप्त करते है। इस पहल के तहत यदि कोई व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक कचरा जमा करता है, तो उसे दोपहर या रात का भोजन मिलेगा, वहीं आधा किलो कचरे पर नाश्ता प्रदान किया जाता है। यह कदम न केवल शहर को स्वच्छ बनाने में मदद करता है बल्कि सामाजिक जागरूकता और सहयोग का भी प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत करता है। प्रधानमंत्री के मन की बात में अम्बिकापुर नगर निगम की इस पहल का उल्लेख होने से सरगुजा समेत पूरे प्रदेश में उत्साह की लहर है। इससे पहले भी प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को देश के साथ साझा किया था। इस दौरान नगर मंडल मंत्री शैलेंद्र शर्मा, अभिषेक शर्मा, रूपेश दुबे, अभिषेक सिंहदेव, रविंद्र तिवारी, शैलेंद्र चौबे, प्रिंस तिवारी, संतन सोनी, दीक्षित यादव, मनेन्द्र पासवान, उमेश पटेल, संतोष तिवारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



# ‘कांतारा चैप्टर-1’ का कलेक्शन पहुंचा 800 करोड़ रुपए के पार

**मुंबई।** कन्नड़ सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी की फिल्म ‘कांतारा चैप्टर-1’ पिछले 25 दिनों से सिनेमाघरों की टिकट खिड़की पर कब्जा जमाए हुए है। पिछले हफ्तों में फिल्म की कमाई में किसी तरह की कोई गिरावट नहीं देखी गई है। इसी के साथ फिल्म ने लगातार कई बड़ी सुपरहिट फिल्मों के भी रिकॉर्ड तोड़े हैं। लेकिन अब ऋषभ शेट्टी की इस फिल्म ने इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर मूवी ‘छावा’ का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है। ‘कांतारा चैप्टर-1’ की कमाई का आंकड़ा अब 800 करोड़ के पार पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऋषभ शेट्टी की फिल्म ‘कांतारा चैप्टर-1’ने 25वें दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया है।

## लाइफ Style

# सोनल
## ‘मिर्जापुरः द फिल्म’ में एंट्री

‘जन्नत’ फेम अभिनेत्री सोनल चौहान की एंट्री ‘मिर्जापुर: द फिल्म’ में हो गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। सोनल ने भी टीम को थैंक्स कहते हुए एक पोस्ट किया है। अभिनेत्री सोनल चौहान को ‘जन्नत’ और ‘आदिपुरुष’ जैसी फिल्मों में काम करने के लिए जाना जाता है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोनल अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार गिफ्ट हैंपर और प्रोडक्शन हाउस के एक नोट की झलक दिखाई। नोट में जानकारी दी गई है कि सोनल अब मिर्जापुर फिल्म का हिस्सा हैं। इस नोट में लिखा है, प्रिय सोनल, हम आपको ‘मिर्जापुर’ की टीम में पाकर बहुत उत्साहित हैं। हम पर्दे पर आपके अभिनय का जादू को देखने के लिए बेताब हैं। सोनल ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं मिर्जापुरः द फिल्म’ में शामिल होने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हुई और मैं आप सभी को यह देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि हम पर्दे पर क्या-क्या दिखाने वाले हैं। इस आइकॉनिक फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।” सोनल ने कैप्शन में लिखा, यकीन नहीं हो रहा है। इतने अविश्वसनीय और बदलावकारी सफर का हिस्सा बनकर बहुत खुशी हो रही है। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में अली फजल एक बॉडी बिल्डर के रूप में दिखाई देंगे, इसके लिए उन्होंने जमकर ट्रेनिंग भी ली है। क्राइम-थ्रिलर फिल्म ‘मिर्जापुर’ में गद्दी के लिए लड़ते बाहुबलियों की दुनिया को दिखाया जाएगा। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# बुगोनिया के प्रीमियर में बिखेरा जलवा

**न्यूयॉर्क।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और ऑस्कर विजेता एमा स्टोन एक बार फिर अपने ग्लैमरस अंदाज़ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म ‘बुगोनिया’ के न्यूयॉर्क प्रीमियर में शिरकत की, जहां उनका स्टाइल और लुक चर्चा का विषय बना रहा। अब इस दौरान की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। यह प्रीमियर न्यूयॉर्क सिटी के म्यूज़ियम ऑफ मॉडर्न आर्ट में होस्ट किया गया, जहां एमा स्टोन अपने को-स्टार्स जेसी प्लेमन्स, एलिसिया सिल्वरस्टोन और लिली शीन के साथ रेड कार्पेट पर नजर आईं।



# जो जोनस ने तलाक पर तोड़ी चुप्पी...

लॉस एंजेलिस। हॉलीवुड सिंगर जो जोनस ने आखिरकार तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। वो और उनकी वाइफ सोफी टर्नर का रिश्ता टूट चुका है। जो जोनस ने कहा, ‘तलाक मुश्किल होता है। ये किसी के लिए भी आसान नहीं होता। लोग बहुत जल्दी अनुमान लगा लेते हैं। जो ने आगे कहा, ‘लोग बहुत सी परिस्थितियों से गुजर रहे हैं और यह फैक्ट कि मैं परफॉर्म करने जा सकता हूं और लोगों को कुछ महसूस करा सकता हूं और शायद उनका ध्यान उन परिस्थितियों से हटा सकता हूं जिनसे वे गुजर रहे हैं, या उनके तलाक से, दो घंटे के लिए जब वे एक म्यूजिक कॉन्सर्ट देखने आते हैं, इससे मुझे बहुत उद्देश्य मिला।’ सिंगर ने खुलासा किया कि वो अपने बच्चों के लिए कुछ भी कर सकते हैं, यहां तक कि अपनी को-पैरेंट सोफी के साथ रिश्ता भी बना सकते हैं।



# 7 को स्ट्रीम होगी हुमा की महारानी-4

**मुंबई।** महारानी’ सबसे लोकप्रिय राजनीतिक ड्रामा सीरीज में से एक है, जिसमें हुमा कुरैशी रानी भारती की भूमिका में फिर से धमाका करने वाली है। तीन सीजन की लोकप्रियता और सफलता के बाद यह सीरीज अपने चौथे सीजन के साथ धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है। ‘महारानी 4’ की घोषणा पहले ही कर दी गई थी और 9 अक्टूबर को निर्माताओं ने इसके ओटीटी प्रीमियर की तारीख के साथ ट्रेलर भी जारी कर दिया था। यह सीरीज 7 नवंबर को सोनी लिव पर रिलीज होने वाली है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने एक्स पर सीरीज का ट्रेलर शेयर करते हुए लिखा, ‘शेरनी अपने घर की रक्षा के लिए लौटी! रानी अपनी अब तक की सबसे बड़ी लड़ाई के लिए तैयार। #महारानी4 7 नवंबर से सिर्फ सोनी लिव पर स्ट्रीमिंग।’



# ‘मस्ती-4’ का पोस्टर आउट आज ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड की कल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइज़ी ‘मस्ती’ की वापसी को लेकर दर्शकों में उत्साह चरम पर है। विशेष रूप से जैसे ही 28 अक्टूबर रिलीज होने जा रही ‘मस्ती 4’ की ट्रेलर रिलीज की डेट सामने आई है, दर्शक और ज़्यादा उत्साहित हो गए हैं और इसी उत्साह को देखते हुए वेवबाउंड प्रोडक्शन ने कलरफुल और एनर्जी से भरपूर एनसेंबल पोस्टर रिलीज कर उनके उत्साह को और भी हाई कर दिया है। यह पोस्टर फिल्म के मस्त, मज़ेदार और ओवर-द-टॉप अंदाज़ को पूरी तरह दर्शाता है। मिलाप मिलन ज़वेरी की ओर से लिखित और निर्देशित ‘मस्ती 4’ में वापसी कर रही है, रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी की वही आइकॉनिक तिकड़ी, जो दोबारा अमर, मीत और प्रेम के अपने पॉपुलर किरदारों में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# जय भानुशाली और माही विज ने दी तलाक की अर्जी

**मुंबई।** टीवी के पावर कपल कहे जाने वाले एक्टर जय भानुशाली और माही विज एक बार फिर से सुर्खियों में छाए हुए हैं। दरअसल, एक बार फिर से जय भानुशाली और माही विज के तलाक की खबरें आने लगी हैं। खबर है कि जय भानुशाली और माही विज अब अपने 14 साल पुराने शादी के रिश्ते को तोड़ना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक इनके तलाक को लेकर कोई कंफर्म रिपोर्ट सामने नहीं आई है, लेकिन सोशल मीडिया पर खबर है कि इन दोनों एक्टर्स ने कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। बताया जा रहा है कि जय भानुशाली और माही विज शादी के 14 साल बाद अलग होने के लिए कोर्ट में तलाक की अर्जी दे दी है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, जय और माही ने इसी साल जुलाई-अगस्त महीने में अपने तलाक के पेपर्स पर साइन कर दिए थे। इसके अलावा, दोनों काफी टाइम से अलग-अलग रह रहे हैं। तलाक के साथ-साथ बच्चों की कस्टडी को लेकर भी फैसला हो चुका है। बता दें कि जय भानुशाली और माही विज की शादी साल 2011 में हुई थी।



# छठ पर पवन सिंह के गाने ने मचाया तहलका, 2 दिन में व्यूज मिलियन्स के पार

*छठ का पावन पर्व देशभर में सेलिब्रेट किया जा रहा है, बिहार में इस पर्व का खास महत्व रहता है। भोजपुरी इंडस्ट्री हर साल कई गाने छठ पर्व के मौके पर रिलीज करती है। पवन सिंह ने छठ के मौके पर व्यस्त होने के बावजूद कई गाने बनाए हैं।*

**मुंबई।** हाल ही में आपने ‘घाट चलले मोदी नीतीश’ सुना और अब उनका एक और गाना यूट्यूब के ट्रेंडिंग लिस्ट में अपनी जगह बना चुका है। 25 अक्टूबर को रिलीज हुए पवन सिंह और प्रियंका सिंह के गाने- ‘कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ’ को खूब सुना जा रहा है।

गाना यूट्यूब के म्यूजिक कैटेगरी में नंबर 1 पर ट्रेंड हो रहा है। गाने को दो दिन में 3.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। ‘कवना कलमवाँ से लिखलऽ करमवाँ’ गाने को पवन सिंह के साथ प्रियंका सिंह ने भी गाया है। गाने के लिरिक्स अरुण बिहारी ने लिखे हैं। म्यूजिक दिया है प्रियांशु सिंह ने। गाने में पवन सिंह के साथ अभिनेत्री वंदना यादव नजर आ रही हैं। गाने को गोल्डी जायसवाल ने डायरेक्ट किया है। वहीं कोरियोग्राफ किया है सनी सोनकर ने।



# खूबसूरती ने चुराया सबका ध्यान

**मुंबई** । कभी-कभी कोई रेड कार्पेट लम्हा सिर्फ़ फैशन तक सीमित नहीं रहता वो बन जाता है एक अभिव्यक्ति, व्यक्तित्व और शांत शक्ति का प्रतीक। ऐसा ही कुछ हुआ जब कशिका कपूर ‘पिच टू गेट रिच’ की स्क्रीनिंग पर पहुंचीं, जो एक साधारण पापाराज़ी मोमेंट के रूप में शुरू हुआ था, वह कुछ ही पलों में वायरल सेंसेशन बन गया। फैन्स और मीडिया दोनों उनकी शालीनता और स्वाभाविक आकर्षण से मंत्रमुग्ध रह गए। अब वायरल हो चुके वीडियो में कशिका अपने सिग्नेचर स्टाइल में रेड कार्पेट पर चलती नजर आती हैं वो भी आत्मविश्वास से भरी हुई, लेकिन बिना किसी दिखावे के। न कोई ओवर-ड्रामैटिक अंदाज़, न कोई बनावट, बस एक शांत आभा, जो बिना कोशिश के ही सबका ध्यान खींच लेती है। इंटरनेट जहां उनके पेस्टल मिंट आउटफिट की तारीफ़ कर रहा था, वहीं यह साफ़ दिख रहा था कि बात सिर्फ़ कपड़ों की नहीं थी बल्कि उनकी मौजूदगी की थी। कशिका ने खुद को उस शख्सियत के रूप में पेश किया, जो जानती हैं कि वो कौन हैं और कहां जा रही हैं।



# काम को घंटों के हिसाब से नहीं देखतीं रश्मिका

**मुंबई।** फिल्म ‘द गर्लफ्रेंड’ से जुड़े एक इवेंट में बोलते हुए निर्माता एसकेएन ने काम के घंटों की मांग न करने के लिए रश्मिका मंदाना की तारीफ की। इस दौरान उन्होंने दीपिका पादुकोण के मुद्दे जिक्र करते हुए कहा कि ऐसे समय में जब इस बात पर बहस चल रही है कि कितने घंटे काम करना चाहिए, पूरे भारत में केवल एक ही अभिनेत्री है जो जितने घंटे काम करने की जरूरत हो, करने को तैयार है। रश्मिका काम को घंटों के लिहाज से नहीं, बल्कि प्यार से देखती हैं। उनकी प्रतिबद्धता समय की पाबंदी पर है, न कि किसी सीमा पर। यही वजह है कि सभी को लगता है कि रश्मिका परिवार का हिस्सा हैं। रश्मिका के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी हालिया रिलीज ‘थामा’ इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। इसके अलावा वो जल्द ही ‘द गर्लफ्रेंड’ में नजर आएंगी। साथ ही रश्मिका शाहिद कपूर और कृति सेनन के साथ ‘कॉकटेल 2’ की भी शूटिंग कर रही हैं। ‘द गर्लफ्रेंड’ 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।



## 1961 में बनी फिल्म ‘भैया’ में छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी थी

# छठ पूजा पर 65 साल पहले बनी थी पहली फिल्म, पूरे देश ने जाना पर्व का महत्व

***मुंबई।*** *लोकआस्था के महापर्व छठ को लेकर देश में छठी मैया के गीत गूंज रहे हैं, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। देश छठी माई के गीतों से सुवासित और गुलजार हो उठा है। आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं जो 60 साल पहले, छठ पूजा को बड़े पर्दे पर लेकर आई थी। उस दौर में हिंदी फिल्मों में लोक आस्था और क्षेत्रीय पर्वों को बहुत कम दिखाया जाता था। मगर 1961 में बनी फिल्म ‘भैया’ ने इस परंपरा को तोड़ा और बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान छठ पूजा को बड़े परदे पर जगह दी। फिल्म में दिखाया गया था कि किस तरह महिलाएं सूर्य भगवान की उपासना करती हैं, सूर्यास्त और सूर्योदय के समय अर्घ्य देती हैं और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती हैं। यह पहली बार था जब दर्शकों ने सिनेमा में छठ घाट, पूजा गीत और लोक परंपरा को असली रूप में देखा था।*

### फिल्म ने दिए कई पॉपुलर गीत

फिल्म के जरिए यह संदेश दिया गया कि छठ पूजा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति और सूर्य के प्रति कृतज्ञता का पर्व है। फिल्म ‘भैया’ ने न सिर्फ एक मनोरंजक कहानी सुनाई, बल्कि भारतीय सिनेमा में छठ पूजा की सांस्कृतिक झलक को हमेशा के लिए दर्ज कर दिया। इसीलिए इसे छठ पूजा को पहली बार परदे पर दिखाने वाली फिल्म कहा जाता है। इस फिल्म के बाद कई फिल्मों और टीवी सीरियलों ने छठ पूजा को अपनी कहानी में शामिल किया। ‘भैया’ को बिहार-उत्तर प्रदेश के रीजनल लैंग्वेज सिनेमा में महत्वपूर्ण फिल्म माना जाता है। ‘लगल करेजवा में’, ‘पूरब पच्छिमवा से अइलें सोन दुलहा’ और ‘भंवरवा रहे गूंजराय’ जैसे कई पॉपुलर गाने तो इस फिल्म ने दिए ही।



### मंगल गीतों की ध्वनि से बदल जाता है वातावरण

सूर्य की उपासना का पावन पर्व‘छठ’अपने धार्मिक, पारंपरिक और लोक महत्व के साथ ही लोकगीतों की वजह से भी जाना जाता है। घाटों पर‘छठी मैया की जय, जल्दी जल्दी उगी हे सूरज देव..’,‘कईली बरतिया तोहार हे छठी मैया..’‘दर्शन दीहीं हे आदित देव..’,‘कौन दिन उगी छई हे दीनानाथ..’जैसे गीत सुनाई पड़ते हैं। मंगल गीतों की ध्वनि से वातावरण श्रद्धा और भक्ति से गुंजायमान हो उठता है। इन गीतों की पारम्परिक धुन इतनी मधुर है की जिसे भोजपुरी बोली समझ में न भी आती हो तो भी गीत सुंदर लगता है।

### हर घर में सुनाई देते हैं छठ के गीत

छठ गीतों के बिना मानो पर्व में रंग ही नहीं आता है। जिन घरों में छठ पर्व का आयोजन किया गया उन घरों से तो गीतों की आवाज आ ही रही है इसके अलावा, जिस रास्ते से गुजरें आपको विभिन्न लोक गायकों की आवाज से सजे ऐसे गीत सुनने को मिल जाएंगे। इन गानों का संयोजन और संकलन छठ महापर्व के लिए ही किया जाता है। छठ गीतों से जुड़ी एक रोचक बात ये है कि ये एक ही लय में गाए जाते हैं ।‘छठ पूजा’के लोकगीतों की चर्चा होते ही सबसे पहले दिवंगत शारदा सिन्हा का नाम जेहन में आता है। ऐसे कई गीत हैं, जिन्हें शारदा सिन्हा ने अपनी अपनी मधुर आवाज देकर अमर कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर ने की 11 लाख की ठगी

**रायगढ़।** डिग्री कॉलेज के हिन्दी के प्रोफेसर ने उद्यानिकी विभाग में पदस्थ महिला के साथ उसके भतीजे को पुलिस में नौकरी लगाने के नाम पर 11 लाख रुपए की ठगी कर ली। इस मामले में कुल 8 आरोपी शामिल हैं, जिनके खिलाफ चक्रधर नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है, वहीं दो आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है। पीड़िता अलेन किड़ो 60 वर्षद्ध छोटे अतरमुड़ा में रहती हैं और उद्यानिकी विभाग में काम करती हैं। 25 अक्टूबर को उन्होंने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि उनके भतीजे राहुल किड़ो को छत्तीसगढ़ पुलिस में कांस्टेबल पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपियों ने उनसे लाखों रुपये की ठगी की है। रिपोर्ट के अनुसार आरोपी उत्तरा सिदार जोकि डिग्री कॉलेज में हिन्दी के प्रोफेसर हैं उन्होंने पहले 50 हजार रुपये की मांग की, जिसमें 30 हजार रुपये दिए गए। बाद में संजू यादव जोकि डिग्री कॉलेज में ही कम्प्यूटर ऑपरेटर है उसने 20 हजार रुपये लिए। दोनों ने बताया कि पैसा रायपुर निवासी विकास सिदार को देना है जो नौकरी लगवाने में मदद करेगा। इसके बाद अलेन किड़ो ने विकास सिदार को रुपये दिए। इसके साथ ही, अन्य व्यक्तियों अमन यादव, सेवक चौहान, मूलचंद कावर, एसके सिंह को भी अलग-अलग खातों में रकम भेजी गई। इस तरह कुल 11 लाख 30 हजार रुपए नौकरी लगवाने के नाम पर ले लिए गए। जांच में यह भी पाया गया कि आरोपियों ने पीड़िता को झूठे दस्तावेज और फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाकर भरोसा दिलाया था। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपियों उत्तरा सिदार और संजू यादव को थाना चक्रधरनगर में दर्ज अपराध गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। अन्य छह आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

### पुसौर से गुडु रोड में भारी वाहन से बढ़ी परेशानी

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर से ग्राम गुडु पहुंच मार्ग कभी केवल पगडंडी था, जिसमें पैदल या साइकिल से ही आना जाना करते थे ऐसे रास्ते में भी बाइक सवार छोटे हरदी कोडपाली, रेम्ता ओड़िशा आदि ग्राम से आते थे। उक्त रोड के चौड़ीकरण 2015 में नगर पचायत पुसौर के तात्कालीन अध्यक्ष किशोर कसेर के कार्यकाल में होने का तथ्य प्रकाश में आया है। इस संबंध में वर्तमान वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद एवं पूर्व नगर अध्यक्ष किसोर कसेर बताते हैं कि तात्कालीन समय में समीपस्थ भू स्वामी पूर्व पार्षद जगन्नाथ प्रधान, अरविंद प्रधान सहित अन्य कई भू-स्वामियों से निवेदन किया गया। जिसमें इन्होंने आवागमन के लिए अपनी कास्तकारी जमीन को जनहित में छोड़ा। जिसके फलस्वरूप नगर पंचायत के 5 लाख रुपए के फंड एवं जन सहयोग से उक्त रोड का चौड़ीकरण हुआ। जिसमें केवल बाइक सवार एक दूसरे को क्रास करते हुए जाना आना कर सकते थे। कुछ समय बाद इसमें पुनः चौड़ीकरण किया गया जो इन दिनों मरम्मत के कगार पर पहुंच चुका है लेकिन अब इस रास्ते से फोर व्हीलर वाहन भी जा रहा है, लेकिन इस बीच कोई भी पैदल अथवा मोटर साइकिल सवार उसे साइड नहीं दे सकता।

### युवक पर जानलेवा हमला दर्ज हुआ मामला

**कटेली।** सारंगढ़ में बीती रात करीब 9 बजे स्थानीय रानी लक्ष्मी बाई काम्प्लेक्स में हाथापाई के बाद हाथ की कलाई में पहने चूड़ा से घातक हमला के बाद नवयुवक छोटू निषाद के सिर के नीचे माथे पर गंभीर चोट की खबर मिली है। इस मामले की रिपोर्ट थाने मे दर्ज होने के बाद मामले की जांच पुलिस कर रही है। स्थानीय फुलझरिया पारा निवासी छोटू निषाद और बीड़पारा निवासी बिट्टू खान के बीच कहासुनी हो गई, इसके बाद बिट्टू खान अपने साथी मिंटू खान, अमान खान, जुम्मन खान को अपने साथ में लेकर छोटू निषाद जो कि हिंदु जागरण मंच के जिला संयोजक किशन गुप्ता एवं अभिनव थवाईत का एक निस्वार्थ सहयोगी है को ढूंढते हुए रानी लक्ष्मीबाई काम्प्लेक्स पहुंच कर गाली गलौज करते हुए बिट्टू ख़ान ने अपने हाथ में पहने चूड़े से घातक हमला कर दिया।

## आजादहिंद, उत्कल, साउथ बिहार, अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनों ने तोड़ा लेटलतीफी का रिकार्ड

# मालगाड़ियों को पासिंग देने आउटर में रोक रहे कोचिंग ट्रेनें, प्रमुख गाड़ियां चल रही घंटों लेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यात्री गाड़ियों के बजाए माल गाड़ियों को पांसिंग देने की वजह से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। मालगाड़ियों को पासिंग देने के चक्कर में कोचिंग ट्रेनों को आउटर में रोक दिया जा रहा है। जिससे प्रमुख ट्रेनें अपने गंतव्य से घंटों लेट चल रही हैं। लेटलतीफी के मामले में आजादहिंद, उत्कल, साउथ बिहार व अहमदाबाद एक्सप्रेस ने रिकार्ड तोड़ दिया है। इधर रेलवे के अधिकारी इसे गंतव्य से ही रिशेड्यूल होने पर लेट होने का हवाला दे रहे हैं।

दरअसल बीते सप्ताह भर से बिलासपुर-हावड़ा मार्ग में ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। लंबी दूरी की ट्रेनों के अलावा लोकल ट्रेनें भी घंटों लेट चल रही हैं। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त्यौहारी सीजन होने की वजह से एक तो ट्रेनें वैसे ही हाउसफुल चल रही हैं, उपर से ट्रेनों की कछुआ गति चाल ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। इसका प्रमुख कारण यह है कि रेलवे द्वारा माल ढुलाई के चक्कर में मालगाड़ियों को पासिंग देकर कोचिंग ट्रेनों को आउटर में रोका जा रहा है। जिससे ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। आजादहिंद, उत्कल, साउथ बिहार व अहमदाबाद एक्सप्रेस तो 5 से 6 घंटे लेट चल रही हैं। इस मामले में एसईसीआर के अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि अपने क्षेत्र में लेटलतीफी नहीं हो रही है। उनका कहना है कि ट्रेनें जहां से रवाना होती है वहीं से ही देर से छूट रही है, यह सब रिशेड्यूल के चक्कर में हो रहा है।



### 1 में खड़ी रहती है मालगाड़ियां

डाउन की सभी यात्री ट्रेनें प्लेटफार्म नंबर 1 पर आती हैं, लेकिन जब भी ट्रेनों के आने का समय होता है उस वक्त मालगाड़ी इस प्लेटफार्म पर खड़ी रहती हैं। जिस वजह से ट्रेनों को आउटर में रोक दिया जाता है। इस संबंध में स्थानीय रेलवे प्रशासन गोलमोल जवाब देने लग जाते हैं और मुसाफिरों को परेशान किया जाता है।

### 80 प्रतिशत काम पूरा फिर भी देरी

बिलासपुर से झारसुगुड़ा तक चौकी लाइन का काम 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। सिर्फ चांपा से अकलतरा और बाराद्वार से सक्ती के बीच कुछ काम बचा है। ऐसे में इस बीच तो ट्रेनों का परिचालन समय पर होना चाहिए। खास बात यह है कि टिटलागढ़ पैसेंजर, बिलासपुर रायगढ़ मेमू भी 3 से 4 घंटे लेट चल रही हैं। जिससे साफ जाहिर होता है कि रेलवे द्वारा मालगाड़ियों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### ट्रेनों को रिशेड्यूल करने से देरी

लंबी दूरी की ट्रेनें जहां से रवाना होती हैं वहीं से लेट हो रही हैं। क्योंकि उक्त मंडलों में कुछ-कुछ काम चलने से ट्रेनों को रिशेड्यूल किया जा रहा है। बात रही बिलासपुर मंडल की तो यहां की लोकल ट्रेनें कभी कभार को छोड़ कर बाकी दिनों में सही समय पर चल रही हैं।

**अंबिकेश साहू, एपीआरओ, एसईसीआर**

### 23 से 27 अक्टूबर तक लेट से चलने वाली गाड़ियां, बिलासपुर-रायगढ़ (डाउन)

**टिटलागढ़ पैसेंजर के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 9.30 एएम | 10.40 | 1 घंटा 10 मिनट |
| 9.30 एएम | 10.47 | 1 घंटा 20 मिनट |
| 9.30 एएम | 10.30 | 1 घंटा |
| 9.30 एएम | 11.07 | डेढ़ घंटा |
| 9.30 एएम | 10.33 | 1 घंटा |

**कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 11.30 एएम | 12.30 | 1 घंटा |
| 11.30 एएम | 2.36 | 3 घंटा |
| 11.30 एएम | 12.30 | 1 घंटा |
| 11.30 एएम | 12.30 | 1 घंटा |
| 11.30 एएम | 1.44 | 2 घंटा 15 मिनट |

**बिलासपुर-रायगढ़ मेमू के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 1 पीएम | 2.30 | डेढ़ घंटा |
| 1 पीएम | 2.51 | 2 घंटा |
| 1 पीएम | 3.00 | 2 घंटा |
| 1 पीएम | 3.42 | 3 घंटा |
| 1 पीएम | 2.55 | 2 घंटा |

**आजादहिंद के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 6.20 पीएम | 12.40 एएम | सवा 6 घंटा |
| 6.20 पीएम | 4.10 एएम | 10 घंटा |
| 6.20 पीएम | 7.15 पीएम | 1 घंटा |
| 6.20 पीएम | 2.30 एएम | 8 घंटा |
| 6.20 पीएम | 12.17 एएम | 6 घंटा |

**अहमदाबाद एक्सप्रेस के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 8.30 एएम | 11.30 | 3 घंटा |
| 8.30 एएम | 11.30 | 3 घंटा |
| 8.30 एएम | 10.30 | 2 घंटा |
| 8.30 एएम | 11.00 | ढाई घंटा |
| 8.30 एएम | 11.00 | ढाई घंटा |

### झारसुगुड़ा-रायगढ़ (डाउन)

**कलिंग उत्कल एक्सप्रेस के रायगढ़ पहुंचने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| समय | पहुंची | लेट |
| 12 पीएम | 2.56 | 3 घंटा |
| 12 पीएम | 2.30 | ढाई घंटा |
| 12 पीएम | 1.30 | डेढ़ घंटा |
| 12 पीएम | 1.36 | डेढ़ घंटा |

**साउथ बिहार एक्सप्रेस के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 2.15 पीएम | 7.15 | 5 घंटा |
| 2.15 पीएम | 5.00 | 3 घंटा |
| 2.15 पीएम | 6.00 | 4 घंटा |
| 2.15 पीएम | 5.00 | 3 घंटा |

**आजादहिंद एक्सप्रेस के रायगढ़ आने का समय**

| समय | पहुंची | लेट |
|---|---|---|
| 7 एएम | 11 एएम | 4 घंटा |
| 7 एएम | 1.34 पीएम | साढ़े 6 घंटा |
| 7 एएम | 1 पीएम | 6 घंटा |
| 7 एएम | 4.37 पीएम | साढ़े 9 घंटा |
| 7 एएम | 10 एएम | 3 घंटा |

## फरसाबहार में 13 कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज फरसाबहार क्षेत्र के व्यापक विकास को नए आयाम देते हुए जनपद पंचायत मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में 40 करोड़ 89 लाख 26 हजार रुपए की लागत के 13 विकासकार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

इसमें 4 करोड़ 16 लाख 41 हजार रुपए लागत के 4 विकासकार्यों का लोकार्पण और 36 करोड़ 72 लाख 85 हजार रुपए लागत के 9 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इस अवसर पर कौशल्या साय भी मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने जिन विकासकार्यों का लोकार्पण किया उनमें 01 करोड़ 81 लाख 32 हजार रुपए लागत के मस्कामारा से होते हुए लवाकेरा मेन रोड तक मार्ग लं. 1.70 कि.मी., 01 करोड़ 29 लाख 56 हजार रुपए लागत के जिला जशपुर के अम्बाकछार पहुंच मार्ग लं. 1.00 कि.मी., 10 लाख रुपए लागत के आर सी.सी. पुलिया निर्माण, सिंहटोला दीपक घर से मेन रोड़ पहुंच मार्ग पर, ग्राम लावाकेरा और 95 लाख 53 हजार रूपए लागत के जशपुर के मुण्डाडीह पहुंच मार्ग लं. 0.90 कि.मी. का निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह उन्होंने 36 करोड़ 72 लाख 85 हजार रुपए लागत के जिन 9 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया उसमें 31 लाख 38 हजार रूपए लागत के फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट, 23 करोड़ 96 लाख 94 हजार रूपए लागत के पमशाला में सरईटोला पहुंच मार्ग लं. 11.50 कि.मी. का निर्माण कार्य, 1 करोड़ 72 लाख 55 हजार रुपए लागत के फरसाबहार में विश्रामगृह भवन का निर्माण कार्य, 01 करोड़ 91 लाख 51 हजार रुपए लागत के प्रो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कोल्हेनझरिया का भवन निर्माण, 01 करोड़ 91 लाख 51 हजार रुपए लागत के प्रो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास फरसाबहार का भवन निर्माण आदि शामिल है।



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया, विधायक गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका जशपुर के उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, पूर्व संसदीय सचिव भरत साय, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीता स्वयंबर, धनुष यज्ञ प्रसंग का मंचन

**जशपुरनगर।** पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र ग्राम तमता के दुर्गा मंदिर परिसर में इस वर्ष 26 अक्टूबर से 2 नवंबर तक रात्रीकालीन बाल्मीकि रामायण रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने के लिए तैयारियां एक हफ्ते पहले से की गई थी।

राम लीला कार्यक्रम का शुभारंभ नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने फीता काट कर किया । तमता में राम लीला का यह आयोजन तीसरी बार किया जा रहा है। जहां क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन रामलीला के पावन प्रसंगों का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। अखंड श्री बाल्मीकि रामायण रामलीला यज्ञ के व्यवस्थापक पं. यश शास्त्री प्रयागराज एवं उनके सहयोगी अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौरसिया, संचालक राजकुमार द्वारा की जा रही है। उनके निर्देशन में रामलीला के हर प्रसंग को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। जिसे देखने लोग दूर-दूर से पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रदीप कुमार चौरसिया ने कहा कि यह धार्मिक आयोजन को समस्त नगर वासियों एवं छेत्र वासियों के कल्याण व आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कराने का उद्देश्य से सबके सहयोग से किया जा रहा है। स्थानीय निवासी लक्ष्मी नारायण यादव ने बताया कि रामलीला मंचन के दौरान



मुनि आगमन, तड़का वध, अहिल्या उद्धार, सीता स्वयंबर, दशरथ कैकेई संवाद, वनगमन, सीता हरण, बाली वध, लक्ष्मण शक्ति, राम विलाप, हनुमान लीला, रावण वध और राम राज्याभिषेक जैसे प्रमुख प्रसंगों का सजीव प्रदर्शन किया जाएगा। जनपद सदस्य रमेश कुमार यादव ने बताया कि दर्शकों के लिए बैठने, पेयजल, सुरक्षा व पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं युवाओं की टीम सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने में लगातार सहयोग कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को सशक्त करते हैं, बल्कि समाज में एकता, संस्कृति और परंपरा को भी जीवित रखते हैं।

## अनाथ बच्चों को यादव समाज ने किया मदद

**बिलाईगढ़।** ब्लॉक मुख्यालय बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत पुरगॉव वार्ड 19 के यादव परिवार के पांच मासूम बच्चों के ऊपर से तीन चार माह पूर्व माता पिता का साया उठ गया था। जिससे पांच मासूम बच्चे अनाथ हो गए । इनकी देख रेख दादी जो खुद बेवा है जिनकी उम्र लगभग 65 वर्ष के आस पास है वह कर रही है। जानकारी हुई कि महतारी वंदन के तहत मिलने वाली एक हजार और खुद के नाम से राशन कार्ड और बच्चो के नाम राशन कार्ड से मिलने



वाली राशन से पालन पोषण कर रही है। जैसे ही किसी माध्यम से यह जानकारी झेरिया यादव समाज के प्रदेश संगठन मंत्री चंदराम यादव और बलौदा परिक्षेत्र के अध्यक्ष संतोष यादव एवं परिक्षेत्र के महामंत्री रामदयाल यादव को मिली तो तत्वरित रूप से आज दिपावली पर्व पर बच्चे अन्य बच्चो को देखकर दुःखी न हो इसलिए प्रदेश एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी द्वारा उनके निज निवास पुरगॉव में जाकर दिपावली में बच्चो की खुशीके लिए 2500 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की गई। जिससे बच्चो के चेहरे पर मुस्कान आई। बच्चे और दादी के द्वारा धन्यवाद दिया कि यादव समाज के पदाधिकारी हमारे घर आज के दिन समय निकाल कर हमारे घर तक पहुंचे।

## चिकित्सा शिविर में 1833 मरीजों का इलाज

**जशपुरनगर।** ब्रम्हनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम जशपुर में बाबा भगवान राम ट्रस्ट जशपुर द्वारा अघोरेश्वर महाविभूति स्थल के स्थापना दिवस के वार्षिकोत्सव पर जनकल्याणार्थ दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सोगड़ा आश्रम परिसर में किया गया। इसमें 1833 मरीजों को जांचोपरांत ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क दवाईयां दी गई।

ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव राम बाबा के निर्देशन में प्रतिवर्ष यह शिविर आयोजित किया जाता है। जिसमें आस-पास के अनेक ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण बन्धु लाभ



उठाते हैं। अघोरेश्वर महाविभूति स्थल पर पूजन आरती उपरांत 24 घंटे के अष्टयाम संकीर्तन प्रारंभ कर पूज्यपाद संभव राम बाबा द्वारा शिविर का उदघाटन परम पूज्य अघोरेश्वर महाप्रभु के चित्र पर पूजन, आरती उपरांत नारियल फोड़कर किया गया। शिविर में अनेक राज्यों के सुविख्यात चिकित्सक गणों को ट्रस्ट द्वारा आमत्रिंत किया गया था। शिविर में डॉ. शिवकुमार,घाघरा द्वारा रक्त शर्करा आदि की जांच की गयी। आगामी माह से ग्रामीण जनता के सेवार्थ ट्रस्ट द्वारा विगत कई वर्षो से आयोजित किए जा रहे चक्षु अभियान प्रारंभ करने की योजना है। शिविर में दंत रोग, हृदय रोग, जनरल फिजिशियन, शिशु रोग, स्त्री रोग, आयुर्वेद, होम्योपैथी, इलेक्ट्रो होम्योपैथी, एक्यूप्रेशर, फिजियोथेरेपी,आस्टिपपैथी आदि के स्पेशलिस्ट चिकित्सक मौजूद थे।

## पेज 1 का शेष

### प्रदेश में सुख समृद्धि...

गोमती साय भी छठ घाट पहुंच कर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। उन्होंने पिछले वर्ष तालाब में छठ घाट बनाने की घोषणा की थी। जिसका आज सभी के समक्ष 40 लाख रुपए से घाट बनाने के लिए भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि मैंने जो वादा किया था वो पूरा किया है। अब छठ पूजा करने पक्का सीमेंट का घाट बन जाएगा। जिससे पूजा करने में आसानी होगी। पूजा करने ज्यादा जगह रहेगी क्योंकि लगातार भक्तों को संख्या बढ़ रही है। इस चार दिवसीय पर्व के अंतिम दिन मंगलवार को भोर से ही छठ घाट पुरन तालाब में भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। आसपास गांव के लोग इस महापर्व को देखने आए हुए थे। भक्तों ने अपने एवं अपने परिवार की बेहतरी के लिए भगवान भास्कर से प्रार्थना की। भोजपुरी समाज ने छठ घाट की साफ सफाई से लेकर पूजा करने, सूपा रखने के लिए अलग से फ्रेम बनाया था। भगवान सूर्य माने जाते हैं उर्जा के देवता- भगवान सूर्य ऊर्जा और जीवन शक्ति के देवता माने जाते हैं। छठ के दौरान इनकी पूजा उन्नति, बेहतरी और कष्ट निवारण के लिए किया जाता है। गौरतलब है कि चार दिनों तक चलने वाला छठ पर्व सूर्य भगवान की पूजा है। उन्हीं से सभी पूजा करने वाले और आए सभी भक्त अपने लिए सुख समृद्धि के लिए आशिर्वाद मांगते है। घाटों को सजाया गया मनमोहक गेट बना कर- शहर के घाटों को मनमोहक गेट बना कर लाईटिंग व फूलों से सजाया गया था। घाटों पर दीवाली जैसा माहौल नजर आ रहा था। लोग जमकर आतिशबाजी कर रहे थे। पत्थलगांव भोजपुरी समाज द्वारा छठ पूजा के लिए बनवाए गए तालाबों, घाटों पर छठ व्रतधारियों ने पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी। लगभग 3 से 4 हजार लोग इस पावन ब्रत को देखने पूरन तालाब स्थित छठ घाट आए थे। प्रशासन का मिला पूरा सहयोग- भोजपुरी समाज के संरक्षक मनोज तिवारी ने कहा कि भोजपुरी समाज के सभी लोगो ने अथक मेहनत कर छठ घाट को सजाया था। पहले दिन से नगरपालिका की बाइक रैली सहित पहले अर्घ्य से लेकर छठ पूजा के समापन तक पुलिस प्रशासन का काफी अच्छा सहयोग मिला- छठ पूजा समिति के अध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने कहा कि छठ पूजा में भोजपुरी समाज ने मिलकर कार्य किया जिससे छठ घाट को बनाने में सजाने में आसानी हो सका। खास कर भोजपुरी समाज के युवाओं न खूब मेहनत की। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव ने कहा भगवान भास्कर की पूजा देखने लायक थी। भोजपुरी समाज ने छठ घाट बहुत बेहतर ढंग से सजाया था जो देखते बन रहा था।

### 20 करोड़ की लागत ...

यहां प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चिन्हांकित कर उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने यह भी घोषणा की है कि जो खिलाड़ी ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करेंगे, उन्हें तीन करोड़, रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 2 करोड़ एवं कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने लंबित राज्य खेल अलंकरण समारोह पुनः आयोजित कराने और इसके माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमने खेलो इंडिया के नये सेंटर प्रदेश में आरंभ किए हैं। हमारी कोशिश है कि जनजातीय क्षेत्रों में खेलों की अधोसंरचना का विशेष रूप से विकास हो। हमारा देश हमेशा से तीरंदाजी में अग्रणी स्थिति में रहा है। महाभारत और रामायण जैसे पवित्र ग्रंथों के नायक भी इस विधा में कुशल रहे हैं। इसी परंपरा में आगे बढ़ते हुए प्रशिक्षित खिलाड़ी तैयार करें। अकादमी में ये चीजें रहेगी उपलब्ध- सन्ना पंडरापाठ में 10.27 एकड़ भूमि में अकादमी बनाया जाएगा। जहां आउटडोर तीरंदाजी रेंज, खिलाड़ियों के लिए छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर खिलाड़ियों की सुविधा के लिए भवन, जैविक खेती के लिए छायादार नर्सरी, पुस्तकालय, चिकित्सा केंद्र, कौशल विकास केन्द्र, हर्बल वृक्षारोपण, मैदान आदि उपलब्ध रहेगा। इनकी रही उपस्थिति- इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन बिलाश मोहंती, उप महाप्रबंधक निशांत बंसल, वरिष्ठ प्रबंधक विधी गैरिक गुरु, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा उपस्थित थे।

### सीएम ने पर्वतारोही ...

एडवेंचर स्पोर्ट्स के प्रति जागरूक होंगे और साहसिक खेलों में भागीदारी के लिए प्रेरित होंगे। इस मौके पर कलेक्टर रोहित व्यास, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

